


दिनांक




# दढ़ियल नरियल



एक जैसे आवाज़ वाले शब्दों के कई खेल हम खेल चुके हैं। जैसे आलू-भालू-कालू। यहाँ भी हम एक जैसी आवाज़ों वाले शब्दों के खेल खेलेंगे। लेकिन थोड़ा फर्क रहेगा। यहाँ ऐसे दो शब्दों को लेना है जो आम तौर पर एक साथ नहीं आते। जैसे – **दढ़ियल नरियल या बाजा राजा या मामा पजामा।** इन नामों में एक जैसी आवाज़ भी है।
और इनका अर्थ भी थोड़ा मज़ेदार है।





ज़रा सोचो, कैसा होगा ये दढ़ियल नरियल ? कितनी लम्बी दाढ़ी होगी? बाजा राजा जी बाजों के राजा हैं या राजाजी के बाजा हैं? और मामा पजामा तो पजामे के मामाजी होंगे भई। कैसे दिखते होंगे अपने मामा पजामा?

इसी पन्ने पर मैंने इसमें से कुछ के चित्र बनाए हुए हैं। क्या तुम उन्हे पहचान सकते हो? पहचान कर उनके नाम लिखो।


* अब तुम्हारी बारी है। पहले तो ढेर सारे ऐसे नाम सोचो। उन्हें यहाँ लिखो।
* फिर उनके चित्र भी बनाने की कोशिश करो।




नरियल *नारियल*

पजामा *पायजामा*

# किसमें कितना



कक्षा में बोतलें, डिब्बे, गिलास, लोटे, बाल्टी आदि इकट्ठे करो।



कितने लोटे पानी से बाल्टी भरी? ☐

एक लोटे से कितनी कटोरियाँ भरी जा सकती हैं? अनुमान लगाओ। ☐

अब भर के देखो। कितनी कटोरियाँ भरीं? ☐

इसी तरह बाकी चीज़ों के साथ करके देखो।

घर पर बर्तनों के साथ भी तुम यह प्रयोग कर सकते हो।

सबसे बड़ी कौन-सी चीज़ है? ––––

सबसे छोटी चीज़ ? –––––

● *कुछ और सवाल*

एक गिलास पानी को कम से कम कितने घूँट में पी सकते हो? ............... । करके देखो।

और एक लोटे पानी को कम से कम कितने घूँट में?...............


चाय के गिलास को कम घूँट में पीते हो कि पानी भरे गिलास को?
क्यों? ..........................................................................................................

..........................................................................................................

● *अजूबा सवाल*

अगर तुम्हें ऐसा बर्तन मिल जाए, जिसे रगड़ने पर जिन्न निकलता है, तो तुम क्या करोगे?

# पारबती की यात्रा



● इस लंबे चित्र को ध्यान से देखो। क्या-क्या दिख रहा है इस चित्र में? कहीं कोई सड़क दिखी क्या? हां? तो उसमें काला रंग भरो। इसमें एक नदी भी है। उसमें नीला रंग भरो।

● सड़क पर एक जगह अबगांव लिखा हुआ है। और एक जगह भोपाल लिखा हुआ है। बताओ बैलगाड़ी भोपाल की ओर जा रही है या अबगांव की ओर?

● बैलगाड़ी में बैठे हैं खेगराम, पारबती, और उनके माता-पिता। रास्ते में उन्हें एक मछली दिखी। वह उनकी दाईं ओर थी, सड़क के किनारे। चित्र में देखो मछली पारबती से दाईं ओर है या नहीं।

बताओ, पारबती की दाईं ओर सड़क के किनारे क्या-क्या है? और पारबती की बाईं ओर सड़क के किनारे क्या-क्या है?

● बताओ सही या गलत –

1. चित्र मे चार मटकियां नजर आ रही हैं।
2. पांच खेत दिख रहे हैं।
3. तीन कुत्ते हैं।
4. नदी में पानी नहीं बह रहा है।

● क्या खेगराज और पारबती को रास्ते में -
एक पुलिया पड़ी? एक दुकान दिखी? एक गाय मिली?
इनमें सबसे पहले क्या मिला होगा? इनमें से अबगांव के सबसे पास क्या है? और सबसे दूर क्या?


● अगर बैलगाड़ी अबगाव की ओर जा रही होती तो उन्हें पहले क्या मिलता?

● तुम्हारे गांव के सबसे पास कौन-सा शहर है? या तुम्हारे शहर के सबसे पास कौन-सा गांव है? तुम्हारे गांव/शहर से वहां कैसे जाते हैं? रास्ते में क्या-क्या पड़ता है?

# और सवाल

1. लालू के पास 7 गोटियां थीं। सेवंती के पास उससे दुगुनी गोटियां थीं। सेवंती को 6 और गोटियां मिल गईं। अब किसके पास ज्यादा गोटियां हैं?

2. मटरू और रानू स्कूल से अपने-अपने घर की ओर चले। दोनों के घर एक दूसरे से उल्टी दिशा में थे। जब मटरू 9 कदम चला था और रानू 8 कदम, तब वे एक दूसरे से कितने कदम दूर थे?




**3. स्कूल में** 4 कुर्सियां और 2 **बेंच है पर 3** शिक्षक

स्कूल में एक ही समय में अधिक से अधिक कितने शिक्षक बैठ सकते हैं?

4. मटरू के पास 10 गुटके हैं। रानू के पास मटरू से दुगने गुटके हैं। गीता के पास मटरू से आधे गुटके हैं। तीनों के पास कुल कितने गुटके हैं?


5. शीला के पास 2 रुपये थे। उसने 25 पैसे की गोली, 25 पैसे का चूरन और 50 पैसे की रबर ले ली। उसके पास कितने पैसे बचे?



6. कल्लू किसान के पास –
2 जोड़ी बैल, 10 गाय, 2 कुत्ते और 2 साईकिलें हैं
तो कल्लू के पास कितने जानवर हैं?

दिनांक

# मीनू और रानू




मीनू और रानू दो दोस्त थे। एक दिन वो जंगल में आम बीनने गए। आम बीनते-बीनते वे एक दूसरे से अलग हो गए।


मीनू ने रानू को आवाज़ दी और रानू ने मीनू को। दोनों ने एक दूसरे की आवाज़ सुनी। जंगल में बहुत सारे रास्ते थे। मीनू ने रानू से चिल्ला कर कहा- तुम वहीं रहना, मैं आकर तुम्हें ढूँढ लूँगी। मीनू के साथ उसका कुत्ता भूरा भी था। भूरे की मदद से वो रानू तक पहुँच गई।

यहाँ मीनू, रानू और जंगल के रास्तों का चित्र है। तुम भी मीनू को रानू तक पहुँचाओ। कितने रास्तों से पहुँचा सकते हो?

इन जालियों में कुछ तितलियाँ फँस गईं हैं। देखो तुम किन तितलियों को निकाल सकते हो। उनके निकलने का रास्ता बनाओ।



यहाँ अपनी जाली बनाओ।



तुम भी ऐसी जालियाँ बनाकर उनमें कीड़े फँसाओ। देखो तुम्हारे दोस्त उनके निकलने का रास्ता बना सकते हैं क्या? फिर तुम्हारा दोस्त बनाए और तुम निकालो।